आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 23.03.2025 समय 1305

मुख्य समाचार :–

- **प्रदेश सरकार के आज तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित।**
- **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित साइकिल रैली का फ्लैग ऑफ किया। इस मौके पर उन्होंने 'फिट उत्तराखंड फिट इंडिया का संदेश भी दिया।**
- **केंद्र सरकार ने पहली अप्रैल से प्याज निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क वापस लेने का निर्णय लिया।**
- **और मुख्यमंत्री ने कर चोरी रोकने के लिए राज्य में सघन छापेमारी अभियान चलाने, एआई व डेटा एनालिटिक्स के बेहतर उपयोग और जीएसटी फाइलिंग की प्रक्रिया को और सरल व पारदर्शी बनाने के निर्देश दिये।**

**साइकिल रैली**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज प्रदेश सरकार के सेवा, सुशासन और विकास के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित साइकिल रैली का फ्लैग ऑफ किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों का उत्साहवर्धन कर फिट उत्तराखंड फिट इंडिया का संदेश दिया, और रोजाना आधा घंटा व्यायाम करने, पौष्टिक आहार लेने और नशे से दूर रहने का आहवान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट, स्वस्थ्य और मजबूत भारत के सपने को साकार करने का रास्ता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढ़ाया है। इस बीच श्री धामी ने देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में फिट इण्डिया रन का फ्लैग ऑफ किया। कार्यक्रम में उन्होंने खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर पुश–अप्स लगाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं उन्हें फिट रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड युवा कल्याण विभाग के सहयोग से चलाए जा रहे ड्रोन कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले युवाओं को ड्रोन वितरित किए।

**किसान मेला**

प्रदेश सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरे होने के अवसर पर 'सेवा, सुशासन और विकास' थीम पर पौड़ी जिले के रामलीला मैदान में किसान मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण करते हुये मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने अधिक से अधिक लोगों तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 22 से 26 मार्च तक जिला मुख्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज मुख्यालय में बहुउद्देशीय और स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। 24 मार्च को रोजगार मेला, 25 मार्च को कंडोलिया में खेल गतिविधियां और 26 मार्च को श्रम व ट्रांसपोर्ट मेला आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जिले की अलग–अलग विधानसभाओं में भी कार्यक्रम तय हैं। 23 मार्च को पौड़ी के रामलीला मैदान और कोटद्वार के मालवीय उद्यान में आयोजन होंगे। 24 मार्च को लैंसडौन के पटोटिया, 26 मार्च को यमकेश्वर के पोखाल, 28 मार्च को चौबट्टाखाल के पोखड़ा और 29 मार्च को श्रीनगर के बुंगीधार में कार्यक्रम होंगे।

## औली विंटर कार्निवल 2025

विश्वस्तरीय हिमक्रीड़ा केंद्र औली में इस बार बर्फबारी कम होने के बावजूद 'औली विंटर कार्निवल 2025' के आयोजन ने नई उम्मीद जगाई है। कार्निवल से पहले हुई हल्की बर्फबारी ने आयोजकों का उत्साह बढ़ा दिया है। खुशनुमा मौसम के बीच कल दो दिवसीय औली विंटर कार्निवल का उद्घाटन भारतीय खेल प्राधिकरण और विंटर गेम्स एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत परसारी गांव के सांस्कृतिक दल के पौणा नृत्य से हुई।

प्रतिभागियों ने फिट इंडिया की शपथ ली और मार्च पास्ट किया। योग शिक्षक प्रदीप भट्ट ने योगाभ्यास कराया, जिससे औली से फिट इंडिया का संदेश दिया गया। पहले दिन मैराथन, घुड़सवारी, स्कीइंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पदक और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सेना, आईटीबीपी, जीएमवीएन और अन्य संस्थानों के प्रतिभागियों के साथ बड़ी संख्या में पर्यटक भी कार्निवल में शामिल हुए।

## स्वीकृति

पिथौरागढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विकास और धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण के लिए राज्य सरकार ने कुल चार करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से धार्मिक, सांस्कृतिक और बुनियादी ढांचे से जुड़े कई कार्य किए जाएंगे, जिनसे स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। स्वीकृत योजनाओं में विधानसभा धारचूला के भैंसकोट स्थित कालासैम मंदिर के सौंदर्यीकरण, बर्नियागांव से जैती और जीजीआईसी नमजला तक पहुंच मार्ग व पुलिया निर्माण सहित विभिन्न कार्य शामिल हैं।

## गिरफ्तारी

पौड़ी गढ़वाल में पुलिस ने नौ लाख रुपए से अधिक की की साइबर धोखाधड़ी के मामले में फरार अंतरराज्यीय आरोपी को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि एक मामले में शिकायतकर्ता ने बताया था कि अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें व्हाट्सऐप पर क्रिप्टो करेंसी और माइनिंग ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करवा कर अधिक मुनाफे का लालच दिया और नौ लाख बीस हजार रुपये की ठगी की। मामले की जांच में पता चला कि गिरोह हरियाणा से संचालित हो रहा है। पुलिस ने दिल्ली और हरियाणा में कई बार दबिश दी, लेकिन आरोपी लगातार ठिकाने बदल रहा था। उसे पकड़ने में समय लगने पर पुलिस ने उस पर 5 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया और बताया कि वह व्हाट्सऐप पर ऐप डाउनलोड करवा कर निवेश का झांसा देता था और स्कैनर के जरिए बड़ी रकम वसूलता था।

## प्याज निर्यात

केंद्र सरकार ने पहली अप्रैल से प्याज निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क वापस लेने का निर्णय लिया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, इससे किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा और उपभोक्ताओं के लिए प्याज की उपलब्धता बनी रहेगी। मंत्रालय ने कहा कि रबी फसलों के अधिक उत्पादन की संभावना के बाद थोक और खुदरा कीमतों में कमी आई है। अनुमान के अनुसार, रबी मौसम में प्याज सहित अन्य फसलों के अधिक उत्पादन से आने वाले महीनों में बाजार मूल्यों में और गिरावट आने की संभावना है।

**वित्तीय स्थिति**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कर चोरी रोकने के लिए राज्य में सघन छापेमारी अभियान चलाने, एआई और डेटा एनालिटिक्स के बेहतर उपयोग और जीएसटी फाइलिंग की प्रक्रिया को और सरल और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिये हैं। देहरादून स्थित मुख्यमंत्री आवास में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक में श्री धामी ने राज्य में आगामी 10 साल की वित्तीय स्थिति की पूरी योजना तैयार करने को कहा। इस दीर्घकालिक योजना में आर्थिक और सामाजिक विकास, पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक तकनीक का उपयोग कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिये गये हैं।

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान प्रदेश को अब तक 85 प्रतिशत राजस्व प्राप्ति हो चुकी है, जबकि राजस्व व्यय 90 दशमलव पांच–शून्य प्रतिशत दर्ज किया गया है। राज्य स्थापना के बाद से अब तक कर संग्रहण में 48 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। यह संग्रह 233 करोड़ रुपये से बढ़कर अब 11 हजार 289 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

**पर्यटन विस्तार**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार, 'डेस्टिनेशन उत्तराखंड' को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए लगातार काम कर रही है। नई पर्यटन नीति के तहत निवेशकों को आकर्षित किया गया है और राज्य में कई बड़े होटल और रिसॉर्ट निवेश कर रहे हैं। रामनगर स्थित एक रिज़ॉर्ट के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार धार्मिक, साहसिक, ईको–टूरिज्म, वेलनेस, एग्रो और फिल्म पर्यटन जैसे क्षेत्रों को विकसित करने में जुटी है। मानसखंड कॉरिडोर योजना के अंतर्गत कुमाऊं के धार्मिक स्थलों को विकसित किया जा रहा है। शीतकालीन यात्रा की शुरुआत भी की गई है, जिसे बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं उत्तराखंड दौरे पर आए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ट्रैकिंग, रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, स्कीइंग और माउंटेनियरिंग जैसी साहसिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**बेहतर शिक्षा सुविधांए**

नई शिक्षा नीति–2020 के तहत उत्तराखंड के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को भौतिक संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में राज्य सरकार ने 285 करोड़ रुपये की राशि खर्च कर स्कूलों में आधारभूत सुविधाएं विकसित की हैं।

**विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि सरकार स्कूलों के ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। इस दौरान 459 माध्यमिक विद्यालयों में नए भवन, कक्षा–कक्ष और प्रयोगशालाएं बनाई गईं। इसके अलावा 212 विद्यालयों में अलग से शौचालयों का निर्माण किया गया, जिस पर लगभग साढे आठ करोड़ रुपये खर्च हुए। दो हजार दो सौ सतानब्बे स्कूलों में 72 हजार 245 फर्नीचर सेट उपलब्ध कराए गए, जिन पर 14 करोड़ रुपए से अधिक का खर्च आया।**

**डॉक्टर रावत ने कहा, सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी छात्र जमीन पर बैठकर पढ़ाई न करे, इसलिए सभी सरकारी स्कूलों में फर्नीचर सेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक हजार 562 माध्यमिक विद्यालयों में कंप्यूटर सेट भी दिए गए हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।**

**आकाशवाणी समाचार देहरादून के लिये समाचार कक्ष से प्रियंका मलिक**

## प्रवेश परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र 24 मार्च तक जमा कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि भी 25 मार्च रात 11 बजकर 50 मिनट तक कर दी गई है। आवेदक आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in पर 26 से 28 मार्च के बीच आवेदन पत्र के विवरण में संशोधन कर सकते हैं। देश के विभिन्न शहरों और देश से बाहर 15 शहरों में कंप्यूटर आधारित सीयूईटी परीक्षा 08 मई और पहली जून के बीच आयोजित की जाएगी।